# कार की चपेट में आई 6 साल की बच्ची की मौत

## हादसे के बाद चालक ने स्वयं पहुंचाया अस्पताल

**दुर्घटना**

- ईटखेड़ी थाना इलाके में हुआ एक्सीडेंट
- इलाज कराकर पिता के साथ पैदल घर जा रही थी बच्ची




**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 1 फरवरी. ईटखेड़ी थाना इलाके में एक 6 साल की मासूम के पिता के सामने ही सड़क दुर्घटना में उसकी दर्दनाक मौत हो गई.**

बच्ची को जिस कार की चपेट में आ गई थी. कार के चालक ने खुद बच्ची को अस्पताल पहुंचाया था, जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया. 6 साल की मासूम बच्ची आसिया अली को उसके पिता इकबाल अली शनिवार को देर रात इलाज कराने के लिए एक क्लीनिक लेकर गए थे.

आसिया बीते तीन दिनों से वायरल फीवर से पीड़ित थी. क्लीनिक से इकबाल आसिया को लेकर अपने गांव परेवा खेड़ा (पतलोन) के लिए रवाना हुए. इस दौरान परेवा खेड़ा के पास मेन सड़क पर आसिया ने इकबाल से अपना हाथ छुड़ा लिया और खुद से सड़क पार करने की कोशिश करने लगी. तभी सड़क पर तेज रफ्तार से आ रही कार की चपेट में आसिया आ गई. पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

## घरेलू हिंसा की शिकार महिला की मौत

**भोपाल.** कोलार इलाके में घरेलू हिंसा की शिकार हुई 52 वर्षीय महिला की मौत हो गई. आरोपी पति जेल में है, अब पुलिस ने उस पर हत्या की धारा का भी केस दर्ज करेगी. जानकारी के मुताबिक गेहूंखेड़ा निवासी जमुना बाई घरेलू हिंसा की शिकार थीं. घायल अवस्था में उनकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. जमुना बाई को उसके पति भागीरथ प्रसाद ने शराब के नशे में बीते 9 दिसंबर को मारपीट करते हुए लहूलुहान कर दिया था. आरोपी पति को पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया था. आरोपी पति ने अपनी पत्नी के सिर और शरीर के अन्य अंगों पर घाव कर दिया था. आनन-फानन में जमुना बाई को अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां एक महीने से अधिक समय तक उनका उपचार चला. शनिवार को जमुना बाई ने अस्पताल में अंतिम सांस ली. कोलार पुलिस ने मर्ग कर जांच शुरू कर दी है. अब पुलिस जमुना बाई के आरोपी पति भगीरथ प्रसाद के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज करने की तैयारी चल रही है.

## व्यापारी के साथ 40 लाख रुपये की ठगी

**भोपाल.** मिसरोद इलाके में एक व्यापारी के साथ 40 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है. पीड़ित ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई है. पीड़ित हितेश कुमार सिंह (45) का व्यापारी है. हितेश ने पुलिस को बताया कि उनकी पहचान के एक युवक अमितेश ने अपनी कंपनी में निवेश पर ज्यादा मुनाफा होने की जानकारी दी. हितेश ने भरोसे पर अमितेश की कंपनी में 25 लाख रुपये निवेश किए. निवेश के नाम पर मुनाफा उन्हें नहीं मिला. इस दौरान आरोपी अमितेश और कर्मचारियों ने हितेश को कंपनी का पार्टनर बनने का ऑफर दिया. इस ऑफर के बदले आरोपियों ने 40 लाख रुपये भी लिए थे.




## गो हत्या के विरोध में करवाया मुड़न

**भोपाल. 26.5 टन गोमांस मिलने के प्रकरण को लेकर विरोध और आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है.**

रविवार को शीतलदास की बगिया में आयोजित धार्मिक-सामाजिक कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शन और तेज हो गया. कार्यक्रम स्थल पर करीब 30 से अधिक युवकों ने सामूहिक मुंडन कराया. आयोजकों ने इसे गोमाता की आत्मा की शांति और न्याय की मांग का प्रतीक बताया. कार्यक्रम के दौरान दोषी कर्मचारियों को बर्खास्त करने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की गई.

# विंध्य क्षेत्र में जुटा प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व

- कांग्रेस की अहम संगठनात्मक बैठक




**विशेष संवाददाता**

भोपाल/रीवा, 01 फरवरी. रीवा में सिंगरौली जिले के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई. बैठक में सिंगरौली, देवसर और चितरंगी विधानसभा क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया. इसमें संगठन को मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने और क्षेत्र में कांग्रेस की जमीनी उपस्थिति को और सशक्त बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई. बैठक के दौरान बूथ और ब्लॉक स्तर पर समन्वय बेहतर करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से जोड़ने तथा भविष्य की राजनीतिक गतिविधियों को देखते हुए जनसंपर्क बढ़ाने के विषयों पर विचार-विमर्श हुआ. संगठनात्मक अनुशासन को मजबूत करने और स्थानीय मुद्दों से निरंतर जुड़ाव बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया. इस बैठक में पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह 'राहुल भैया', एआईसीसी के सह प्रभारी रणविजय लोचाव, पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, सिंगरौली जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) प्रवीण सिंह चौहान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) सरस्वती सिंह मरकाम और प्रदेश कांग्रेस महासचिव कविता पांडे सहित अनेक वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## इब्राहिम की मौत की जांच जारी

**भोपाल.** गौतम नगर थाना क्षेत्र में 12 साल के इब्राहिम की गोली लगने से मौत के बाद पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है. गौतम नगर पुलिस ने इब्राहिम को घर के जिस हिस्से में गोली लगी थी. वह पूरा फ्लोर सील कर दिया है. शॉर्ट टर्म पीएम रिपोर्ट में कनपटी में गोली लगना बताया गया है. इब्राहिम को जिस पिस्टल से गोली लगी. वह पिस्टल इब्राहिम के पिता रिजवान के जीजा वाहिद नूर की बताई जा रही है. अब वाहिद नूर के खिलाफ पुलिस अपनी कार्रवाई को आगे बढ़ा सकती है. जानकारी के मुताबिक वाहिद नूर के खिलाफ पूर्व के कई गंभीर अपराधों के मामले दर्ज हैं, उसका नाम खामरा गिरोह से भी जुड़ा है.

# भोपाल में रेलवे ट्रैक नवीनीकरण कार्य हुआ तेज

## इन कार्यों से ट्रैक एवं गाड़ियों की संरक्षा गुणवत्ता और अधिक सुदृढ़

**भोपाल,01 फरवरी . पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में मल्टी-ट्रैकिंग एवं अधोसंरचना विकास कार्यों के साथ-साथ अनुरक्षण गतिविधियों के अंतर्गत रेलवे ट्रैक के नवीनीकरण कार्य तीव्र गति से किए जा रहे हैं.**



मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में इंजीनियरिंग विभाग द्वारा ट्रैक अनुरक्षण से जुड़े संरक्षा-आधारित कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है. भोपाल मंडल में कम्पलीट ट्रैक रिन्यूअल (सीटीआर), रेल रिन्यूअल (टीआरआर), स्लीपर रिन्यूअल (टीएसआर), टर्नआउट रिन्यूअल (टीटीआर) तथा डीप स्क्रीनिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य निर्धारित ट्रैफिक ब्लॉक लेकर उच्च संरक्षा मानकों के अनुरूप निष्पादित किए जा रहे हैं. इसके अतिरिक्त 55 टर्नआउट्स और 168.391 ट्रैक किलोमीटर प्लेन ट्रैक में डीप स्क्रीनिंग का कार्य भी संपन्न हुआ.

> इन अनुरक्षण कार्यों से ट्रैक की मजबूती में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे यात्री एवं मालगाड़ियों का सुरक्षित, सुचारु और निर्बाध परिचालन सुनिश्चित हो सका है. वर्ष 2025-26 के अप्रैल से दिसंबर 2025 तक के नौ माह की अवधि में 100.741 ट्रैक किलोमीटर में सीटीआर, 121.23 ट्रैक किलोमीटर में टीआरआर, 80.245 ट्रैक किलोमीटर में टीएसआर तथा 80.250 समतुल्य यूनिट्स में टीटीआर का कार्य सफलता पूर्वक पूर्ण किया गया.

# 2236 सदस्यों में से 2 हजार ने किया मतदान

## भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज चुनाव के लिए मतदान संपन्न, आज होगी मतगणना

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 1 फरवरी. राजधानी में रविवार को भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव मानस भवन में संपन्न हुए. चुनाव में मतदान की प्रक्रिया सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक निरंतर जारी रही. चैंबर ऑफ कॉमर्स के 2236 सदस्य हैं, जिनमें से 2 हजार सदस्यों ने मतदान किया. 44 पोस्ट बैलेट और 39 टेंडर से वोट डाले गए.**



मतदान के दिन 1917 वोट मतपेटी में डाले गए. 236 ने मतदान नहीं किया. चुनाव में दो पैनल मैदान में रहे, जिसमें से अध्यक्ष पद प्रत्याशी के लिए प्रगतिशील पैनल से तेजकुल सिंह पाली और उन्नति पैनल से गोविंद गोयल मुख्य हैं. चैंबर की कार्यकारिणी 24 पदों की है. प्रगतिशील पैनल से 21 और उन्नति पैनल से 18 पदों के लिए प्रत्याशी ने चुनाव के लिए फॉर्म भरा. दोनों पैनल के प्रत्यशियों का भविष्य मतपेटियों में बंद है. सोमवार को सुबह आठ बजे से मतगणना मानस भवन में शुरू होगी, जो परिणाम आने तक जारी निरंतर जारी रहेगी.

चैंबर ऑफ कॉमर्स के चुनाव में इस बार दोनों प्रत्याशियों ने सभी पदों पर अपने प्रत्याशी कम उतारे, जिसमें से उपाध्यक्ष के चार पद में से दोनों के तीन, मंत्री के तीन पद में से प्रगतिशील पैनल ने दो प्रत्याशी मैदान में उतारे. कार्यकारिणी के लिए प्रगतिशील पैनल ने 1 और उन्नतिशील पैनल ने 5 प्रत्याशी चुनाव में कम रहे.

## गश्त में 163 गिरफ्तार

**भोपाल.** राजधानी में पुलिस स्थायी/गिरफ्तारी वारंटियों, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी ,निगरानी/ गुंडा फाइलों की समीक्षा, आबकारी एवं जुआ एक्ट तथा प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत प्रभावी कार्रवाई का अभियान चला रही है.

शनिवार को डीसीपी जोन-4 मयूर खंडेलवाल की अगवाई में कांबिंग गश्त की गई. इस विशेष अभियान में अति. पुलिस उपायुक्त मलकीत सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त निशातपुरा अक्षय चौधरी, सहायक पुलिस आयुक्त चुनाभट्टी आलोक श्रीवास्तव सहित जोन-4 के समस्त थाना प्रभारी एवं पुलिस बल ने सक्रिय सहभागिता की.

# सायबर ठग गिरोह का किया पर्दाफाश

- दान के नाम पर बुजुर्ग को बनाया था बंधक

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 1 फरवरी. ईटखेड़ी पुलिस ने अंतरराज्यीय सायबर ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है. दान के नाम पर सायबर फ्रॉड करने वाले 5 आरोपियों ने बुजुर्ग व्यक्ति और उनके सहायक को होटल में बंधक बनाते हुए मारपीट की.**

आरोपियों ने इस मौके पर बुजुर्ग ट्रस्ट अध्यक्ष और सहायक से बैंक खाते की जानकारी लेने की कोशिश भी की. पुलिस की सक्रियता से आरोपी असफल हो गए. आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पुलिस ने रिमांड़ पर लिया है.

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को सूचना मिली कि एक होटल के अंदर कुछ व्यक्ति दो कमरों में ठहरे हुए हैं, जिनकी गतिविधियां संदिग्ध हैं. मौके पर पहुंची पुलिस ने संदिग्धों से पूछताछ की. पूछताछ के दौरान ओमप्रकाश वर्मा (62) निवासी अम्बेडकर नगर (उ.प्र.) ने आपबीती सुनाई. फरियादी ओमप्रकाश ने बताया कि वह राष्ट्र रक्षा मंच (ट्रस्ट) के अध्यक्ष हैं. 16 जनवरी को उनके मोबाइल नंबर पर एक व्यक्ति ने स्वयं को जी(8) कंपनी का मैनेजर बताकर संपर्क किया, कालर ने सोशल मीडिया के माध्यम से ट्रस्ट की जानकारी मिलने की बात कही. ट्रस्ट में दान देने का झांसा देते हुए आरोपी ने फरियादी को भोपाल बुलाया. 26 जनवरी को फरियादी अपने सहयोगी सुखदेव वर्मा के साथ भोपाल पहुंचे. स्टेशन के पास एक लॉज में दोनों रूके थे.

> 30 जनवरी को फरियादी को होटल से मनीष पटेल, सनित पटेल, जितेन्द्र पटेल और रविंद्र नामक व्यक्तियों ने अपने साथ मारुति पैलेस होटल ईटखेड़ी में लाकर दो रूम में ठहराया और यह सभी खुद भी वहां ठहरे. युवकों ने ओमप्रकाश को बताया कि दानकर्ता सुबह तक आएंगे. सुबह दानकर्ता के नहीं आने पर जब फरियादी ने होटल छोड़ने की बात कही तो आरोपियों गाली गलौज करते हुए स्वयं को सायबर फ्रॉड करने वाला बताते हुए 10 हजार रु. और ट्रस्ट के नाम से बैंक खाते की जानकारी जबरन मांगते हुए जान से मारने की धमकी दी थी.

## प्रदेश में फिर बदला मौसम का मिजाज

**भोपाल.** मध्य प्रदेश में एक बार फिर मौसम का मिजाज बिगड़ गया है. पश्चिमी विक्षोभ और उससे जुड़े चक्रवाती परिसंचरण के सक्रिय होने से प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी, बारिश, ओलावृष्टि और कोहरे की स्थिति बन गई है. खासकर प्रदेश के उत्तरी हिस्से के लगभग 15 जिलों में मौसम विभाग ने आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है. श्योपुर और मुरैना जिलों में ओले गिरने की भी संभावना जताई गई है. आने वाले चार दिनों तक प्रदेश के कई इलाकों में मावठा गिर सकता है, जिससे ठंड और बढ़ने के आसार हैं. रविवार सुबह कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई. मौसम विभाग के अनुसार, आंधी की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है और कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं. उत्तर पाकिस्तान के क्षेत्रों में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ, दक्षिण हरियाणा और उत्तर राजस्थान में बने प्रेरित चक्रवाती परिसंचरण तथा ऊपरी क्षोभमंडल में चल रही तेज पछुआ हवाएं प्रदेश के मौसम को प्रभावित कर रही हैं.


### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण शाला (एमटी) भोपाल

**पुलिस विभाग के वाहनों के रख-रखाव हेतु बैट्रियां क्रय करने हेतु 03 माह के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रित**

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण शाला (एमटी) भोपाल में पुलिस विभाग के वाहनों के रख-रखाव हेतु बैट्रियां आवश्यकतानुसार क्रय करने हेतु 03 माह के लिए दर अनुबंध किए जाने हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की गई हैं. नियम एवं शर्तें तथा अनुबंध की विस्तृत जानकारी mptenders.gov.in तथा www.mppolice.gov.in की वेबसाइट पर प्राप्त की जा सकती है.

| | |
|---|---|
| निविदा प्रकाशन की दिनांक | 28/1/2026 के 17.00 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभ दिनांक | 28/1/2026 के 18.00 बजे |
| प्री बिड मीटिंग दिनांक | 2/2/2026 के 11.00 बजे |
| निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 6/2/2026 के 11.00 बजे |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 17/2/2026 के 14.00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक | 18/2/2026 के 16.00 बजे |

पुलिस अधीक्षक
पीटीएस (एमटी), भोपाल म.प्र.
G25133/25



### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्रमांक-1
राजधानी परियोजना प्रशासन, लो.नि.वि., ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है.

| स.क्र. | टेंडर नंबर | निविदा क्र. एवं दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा राशि मूल्य | निविदा प्रपत्र ऑनलाइन विक्रय,डाउनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_CPA_478549_1 | 001/SAC/ dt. 27.1.26 (2nd Call) | पी.बी.एम.सी. पद्धति के तहत भदभदा चौराहा से वन विहार गेट भोपाल तक मार्ग का बी.टी. रिन्युअल का कार्य. | रु. 109.47 | रु. 1,09,470 | रु. 12,500 | 11.2.26 |

उपरोक्त वेबसाइट से ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे. निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 11/2/2026 सायं 5.30 बजे निर्धारित है. विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है.

कार्यपालन यंत्री
राजधानी संभाग क्रमांक-1
राजधानी परियोजना प्रशासन, लो.नि.वि., ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल, फोन- 0755-2464382
G25101/25



### नाम परिवर्तन

मैं, सुनय बडौत्रा (SUNAY BADOTRA) आत्मज अनिल पाटिल, जन्म तिथि 04 नवंबर 2005 आयु लगभग 20 वर्ष निवासी डी-3, फॉर्चून प्राइड, त्रिलँगा, भोपाल-462039 (मप्र) का होकर मेरे द्वारा आज दिनांक से मेरा नाम सुनय पाटिल (SUNAY PATIL) बदलने का निर्णय लिया गया है। सुनय बडौत्रा (SUNAY BADOTRA) और सुनय पाटिल (SUNAY PATIL) एक ही व्यक्ति हैं। आज से मैं सभी शासकीय एवं अन्य प्रयोजनों हेतु सुनय पाटिल ( SUNAY PATIL) के नाम से जाना जाऊंगा।



### कार्यालय कार्यपालन यंत्री
### गुणवत्ता नियंत्रण इकाई खंड
### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल
श्यामला हिल्स, भोपाल (म.प्र.)-462002
ई-मेल- eephedqcbpl@mp.gov.in दूरभाष क्रमांक- 0755-2661511

क्रमांक : 34/तक/का.यं./लो.स्वा.यां.वि./गु.नि.इ. खंड /भोपाल/2025-26 — दिनांक 28/1/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ऑनलाइन डिजीटली सील्ड निविदा मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से प्रतिशत दर पर अपेंडिक्स 2.1 पर मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से कार्यालय लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल, मुख्य अभियंता कार्यालय भोपाल, गुणवत्ता नियंत्रण इकाई खंड भोपाल एवं राज्य अनुसंधान प्रयोगशाला श्यामला हिल्स, भोपाल में आउटसोर्स के माध्यम से कम्प्यूटर ऑपरेटर की सेवाएं प्रदाय करने के लिए निविदा आमंत्रित की जाती हैं. निविदा प्रपत्र दिनांक 28/1/2026 से दिनांक 12/2/2026 को 15.00 बजे तक क्रय किए जाकर दिनांक 12/2/2026 को 15.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत करना है. लिफाफा 'ए' दिनांक 13/2/2026 को 15.00 बजे खोली जावेगी. वेबसाइट www.mptenders.gov.in (E-tender No. 2026_PHED_477888_1, PHED Date 28.1.2026)

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि का मूल्य | निविदा प्रपत्र | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल, मुख्य अभियंता कार्यालय भोपाल, गुणवत्ता नियंत्रण इकाई खंड भोपाल एवं राज्य अनुसंधान प्रयोगशाला श्यामला हिल्स भोपाल में आउटसोर्स के माध्यम से कम्प्यूटर ऑपरेटर की सेवाएं प्रदाय करने का कार्य. | रु.3218195.00 (रु. बत्तीस लाख अट्ठारह हजार एक सौ पिंच्यानवे मात्र) | रु.50000.00 (रु. पचास हजार मात्र) | रु.5000.00 (रु. पांच हजार मात्र) | 365 दिवस |

0 विस्तृत शर्तें कार्यालयीन समय में देखी जा सकती हैं.

मुख्य तिथियां

| | |
|---|---|
| क्रय करने की तिथियां | 28/1/2026 से 12/2/2026 तक |
| जमा करने की अंतिम तिथि | 12/2/2026 15.00 बजे तक |
| लिफाफा 'ए' खुलने की तिथि | 13/2/2026 15.00 बजे तक |

G25210/25
कार्यपालन यंत्री, गुणवत्ता नियंत्रण इकाई खंड लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल



### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-23
59, अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल (म.प्र.)
फोन- 0755-2761257, ई-मेल- eenvda23@gmail.com

क्रमांक 267/व.ले.लि./का.यं.-23/2025-26 — भोपाल, दिनांक 29/1/2026

**निविदा सूचना क्रमांक 12/ वाहन/ 2025-26 (प्रथम आमंत्रण)**

नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों एवं शिकायत निवारण प्राधिकरण के अधिकारियों को आउट सोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से टैक्सी वाहन उपलब्ध कराने का कार्य हेतु ख्याति प्राप्त ट्रेवल एजेंसियों से ऑनलाइन निविदा मध्यप्रदेश शासन ई-प्रोक्योमेंट पोर्टल की वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती हैं. निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार का संशोधन अलग से प्रकाशित नहीं किया जाएगा. निविदा के संबंध में किसी प्रकार के संशोधन हेतु उपरोक्त वेबसाइट का कृपया अवलोकन करें.

| स.क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | संख्या | अनुबंध की समयावधि | निविदा प्रपत्र की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | किराए के सेडान टैक्सी वाहन प्रदाय का कार्य | 08 | एक वर्ष | रु. 10000/- (रु. दस हजार) मात्र |
| 2. | किराए के हैचबैक टैक्सी वाहन प्रदाय का कार्य | 14 | | |

निविदा सूचना में दर्शाई गई वाहनों की संख्या अनुमानित है. आवश्यकता होने पर यह संख्या घटाई-बढ़ाई जा सकेगी.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ठेके की अनुमानित लागत | रु. 96,05,000/- (रु. छियानवे लाख पांच हजार) मात्र |
| 2. | धरोहर की राशि | रु. 96,050/-(रु. छियानवे हजार पचास) मात्र |
| 3. | निविदा कार्य के प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि | दिनांक 13/2/2026 सायं 5.30 तक |
| 4. | धरोहर की राशि अर्हता संबंधी दस्तावेज खोलने की तिथि | दिनांक 16/2/2026 |

निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑनलाइन क्रय किया जा सकता है. ऑनलाइन पर रुपए 10000/- (रु. दस हजार) मात्र भुगतान डेबिड कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से किया जा सकता है. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए उपरोक्त वेबसाइट का अवलोकन करें.

कार्यपालन यंत्री
नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-23
59, अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल
G25173/25



### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री रामचन्द्र साहू आत्मज स्व. विंदादीन साहू, आयु 65 वर्ष, मकान नं. 11 प्रेम नगर कॉलोनी, छोला दशहरा मैदान, भोपाल म.प्र. का हूं. मेरे परिवार में तीन पुत्र हैं एवं मेरी पत्नी है. मेरा दूसरे नंबर का पुत्र संदीप साहू का विवाह श्री राजू साहू की पुत्री श्रीमती इन्दू साहू के साथ हुआ है. वर्तमान संदीप साहू एवं उसकी पत्नी का वाद-विवाद होने के कारण श्रीमती इन्दू साहू पिता के घर निवासरत् है तथा समझाने पर भी समझने को तैयार नहीं है तथा पूरे परिवार को झूठे केस में फंसाने की धमकी दी जा रही है. ऐसी स्थिति में पूरे परिवार पर संकट न आए, इस कारण से मैं मेरे पुत्र संदीप साहू एवं उसकी पत्नी श्रीमती इन्दू साहू को अपनी सम्पूर्ण संपत्ति/ जायदाद तथा परिवार से बेदखल करता हूं. आज दिनांक के पश्चात से संदीप साहू एवं उसकी पत्नी श्रीमती इन्दू साहू से मेरे परिवार का किसी भी प्रकार का कोई संबंध नहीं रहा है तथा दोनों के किसी भी प्रकार के कृत्य में मेरे परिवार की कोई भागीदारी नहीं है तथा संदीप साहू एवं उसकी पत्नी श्रीमती इन्दू साहू के साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन या संबंध रखने की स्थिति में तथा दोनों के आपसी विवाद में /कानूनी कार्यवाही में मेरा और मेरे परिवार को कोई लेना-देना नहीं है.

**अशोक गुप्ता** (एडवोकेट)
मां लॉ चेम्बर
कार्यालय- यू.जी.-27, नियर केपीटल पेट्रोल पम्प, करतार आर्केड, रायसेन, रोड, भोपाल म.प्र.
मो.नं. 9755108265, 9826721494
समय- सुबह 9 से 11 एवं शाम 7 से 9.30 बजे तक